**GOVERNMENT INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE BUTANA**
**Jind Road, V.P.O. – Butana (Sonipat) Pin Code- 131302**
**E-mail– butana.giti@gmail.com, Website- www.itibutana.in**
***Contact- +91 9416314361***

Industrial Training Institute

सेवा में

1. Notice Board एवं Website, Govt. ITI Butana

**Memo No.** 3570 **दिनांक:** 14/08/26

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बुटाना परिसर में वर्कशॉप की क्षतिग्रस्त खिड़कियों के नए शीशे लगवाने हेतु अनुभवी एवं योग्य फर्मों/सेवा प्रदाताओं से **सीलबंद कोटेशन** आमंत्रित की जाती है।

1. **कार्य का विवरण**

| **क्र. सं.** | **कार्य/सामग्री का विवरण** | **आकार** | **अनुमानित मात्रा** | **अनुमानित क्षेत्रफल** | **कार्य करने का स्थान** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Window Glass - Clear Glass, 4 mm Thickness (लगवाई सहित) | 42" × 26" | 22 नग | लगभग 167 वर्ग फुट | Workshop, Govt ITI Butana |
| 2. | Window Glass - Clear Glass, 4 mm Thickness (लगवाई सहित) | 51" × 22" | 4 नग | लगभग 32 वर्ग फुट | Workshop, Govt ITI Butana |

## नियम एवं शर्तें:

1. कोटेशन **तय समय सीमा में केवल सीलबंद लिफाफे** में प्राप्त होनी चाहिए किसी online माध्यम Email, Whatsapp पर भेजी गई quotation स्वीकार्य नहीं होगी ।
2. कोटेशन में कार्य के रेट स्पष्ट लिखे हों तथा Glass खरीद, कटिंग, फिटिंग, इंस्टॉलेशन, श्रम, परिवहन, लोडिंग/अनलोडिंग, सीलेंट/बीड़िंग एवं अन्य सभी संबंधित खर्च शामिल हों अलग से खर्च न दिखाया जाए। **केवल GST अलग से दर्शाया जाए।**
3. फर्म द्वारा उद्धृत Glass की **ब्रांड/मेक, प्रकार, मोटाई (Thickness) एवं अन्य आवश्यक Specification** स्पष्ट रूप से अंकित की जाए।
4. फर्म द्वारा कोटेशन प्रस्तुत करने से पूर्व **किसी भी कार्यदिवस में अंतिम तिथि तक संस्थान में आकर कार्यस्थल का निरीक्षण/मौके की स्थिति का जायजा एवं आवश्यक माप** लिया जा सकता है।
5. फर्म द्वारा पुराने/क्षतिग्रस्त शीशों को सावधानीपूर्वक हटाने, नए शीशों की कटिंग, फिटिंग एवं इंस्टॉलेशन का कार्य पूर्ण किया जाएगा तथा कार्य के दौरान मौजूदा खिड़की फ्रेम/भवन को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई जाएगी।
6. आपूर्ति किया जाने वाला Glass **नया, अप्रयुक्त एवं मानक गुणवत्ता का** होना चाहिए तथा मौजूदा खिड़की फ्रेम के अनुरूप होना चाहिए।
7. उद्धृत दरें कोटेशन खोलने की तिथि से **60 दिनों** तक वैध रहेंगी।
8. आपूर्ति/कार्य की गुणवत्ता एवं Specification का निरीक्षण संस्थान द्वारा किया जा सकेगा। किसी भी प्रकार की दोषपूर्ण, क्षतिग्रस्त अथवा अनुपयुक्त सामग्री/कार्य पाए जाने पर फर्म द्वारा उसे **बिना किसी अतिरिक्त लागत के** बदलना/ठीक करना होगा।

9. भुगतान केवल कार्य के **संतोषजनक रूप से पूर्ण होने, निरीक्षण एवं सत्यापन** के उपरांत Supply/Work Order के अनुसार किया जाएगा।
10. चयनित फर्म को Supply/Work Order जारी होने के पश्चात कार्य **15 दिन के अंदर अंदर** करना होगा।
11. **सशर्त अथवा अपूर्ण कोटेशन** पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उसे अस्वीकार किया जा सकता है।
12. संस्थान को किसी एक अथवा सभी कोटेशन को **बिना कारण बताए स्वीकार अथवा अस्वीकार** करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।
13. कोटेशन जमा करवाने की अंतिम तिथि एवं समय : **05:00 PM** बजे तक, दिनांक **24.08.2026** तक है।

**प्रधानाचार्य** 14-08-26

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,

बुटाना (सोनीपत)